**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 12 फ़रवरी 2025** **समय 1305**

सर्दियों में पराली जलाने की घटनाओं को कम करने के लिए एक संसदीय समिति ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य-(एमएसपी) की तरह धान के अवशेषों के लिए भी न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने की सिफारिश की है। कल राज्यसभा में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में, अधीनस्थ विधान समिति ने सुझाव दिया कि इसके लिए पराली की प्रति इकाई मूल्य की समीक्षा होनी चाहिए और खरीफ फसल के मौसम से पहले वार्षिक आधार पर इसे अधिसूचित किया जाना चाहिए।

***************************************************************
***********

आज प्रदेशभर में संत रविदास जयंती मनाई जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को उनकी जयंती पर नमन किया। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने एकता, मानवता और भाईचारे का जो संदेश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने सभी से संतो, महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलते हुए काम करने का आहवान किया।

***************************************************************
***********

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इसी वर्ष लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 14 हजार सरकारी स्कूलों के 22 लाख विद्यार्थियों को और बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत हरियाणा के करीब एक लाख शिक्षकों का शिक्षक स्थानांतरण नीति के तहत 31 मई तक स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाएगा।शिक्षा मंत्री ने बताया कि शिक्षकों को अपने जिले के खंड स्तरीय स्कूलों में प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि पदों का रेशनेलाइजेशन का काम शुरू कर दिया गया है,

जिसे 7 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले चरण में पीएम श्री व माडल संस्कृति स्कूलों में और इसके बाद अन्य सभी स्कूलों में शिक्षकों का तबादला किया जाएगा।शिक्षा मंत्री कल चंडीगढ़ में स्कूली शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रदेश के 1497 पीएमश्री, मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक व माध्यमिक विद्यालयों की प्रयोगशाला, क्लासरूम व चारदीवारी बनाने कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों में बजट जारी करके मार्च 2026 तक कार्य को पूरा करना सुनिश्चित किया जाएगा। श्री ढांडा ने बताया कि स्कूलों में कंप्यूटर लैब, अटल टिंगरी लैब, वोकेशनल लैब व ओपन जिम की व्यवस्था की जाएगी।उन्होंने अधिकारियों को सरकारी स्कूलों में खिलाड़ियों को बेहतर खेल के मैदान व खेल उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

*******************************************************************

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए सम्बंधित नगर निगम/ नगर परिषद् और नगर पालिका क्षेत्र में सिंगल विंडो ओपरेटिव सिस्टम स्थापित किया जाएगा, ताकि चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों को एक ही जगह पर "अदेयता प्रमाण पत्र' मिल सके।उन्होंने कहा कि इस सिस्टम पर नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, जिला प्राथमिक सहकारी कृषि ग्रामीण बैंक, बिजली विभाग से सम्बंधित "अदेयता प्रमाण पत्र' उपलब्ध होंगे। श्री धनपत सिंह ने बताया कि इस संबंध में हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा आदेश पारित किये जा चुके हैं।

********************************************************************

पंचकूला में सड़क सुरक्षा विषय पर कल सांतवी हरियाणा राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और बच्चों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया।इस

अवसर पर उन्होंने जहां विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी, वहीं पुरस्कार पाने से वंचित रहे विद्यार्थियों का मनोबल भी बढ़ाया।कार्यक्रम में श्री कपूर ने बल्लभगढ़ के सिटी पुलिस थाने में कार्यरत एसएचओ शमशेर को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उनके पुलिस थाने को 'सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन' चयनित किए जाने पर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को भी उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री कूपर ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना है ताकि कल जब वो वाहन चलाना शुरू करें तो यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को वाहन की ओवरटेकिंग करने, लेन बदलने और रॉन्ग साइड ड्राइविंग के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ट्रैफिक हरदीप दून ने सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर ए.एन.पी.आर कैमरे लगाए गए हैं ताकि लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जा सके।काबिले गौर है कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 21 हजार 975 विद्यालयों व महाविद्यालयों के लगभग 44 लाख, 7 हजार, 471 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।